POLICE COMMISSIONERATE

PRAYAGRAJ

सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 07.10.2026

छात्रा के साथ छेड़खानी व अभद्र टिप्पणी करने वाला 01 अभियुक्त थाना कर्नलगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 स्कूटी बरामद

थाना कर्नलगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय के पंजीकृत मु0अ0सं0 362/26 धारा 75/79 बी0एन0एस0 से सम्बन्धित 01 अभियुक्त मो0 अमान पुत्र मुमताज अहमद निवासी 7/ए बैंक रोड थाना कर्नलगंज जनपद प्रयागराज को मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 07.10.2026 को बैंक रोड थाना क्षेत्र कर्नलगंज से गिरफ्तार किया गया व उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 स्कूटी बरामद की गयी। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

उल्लेखनीय है कि वादिनी मुकदमा/पीड़िता द्वारा थाना कर्नलगंज पुलिस को सूचना दी गयी कि जब वे कॉलेज से वापस छात्रावास आ रही थी तभी थाना कर्नलगंज क्षेत्रान्तर्गत बैंक रोड से कार्पेन्टरी चौराहा के बीच में उक्त अभियुक्त द्वारा स्कूटी से पीछे से आकर वादिनी मुकदमा/पीड़िता के साथ छेड़खानी व अभद्र टिप्पणी की गई। इस सूचना पर थाना स्थानीय पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

मो0 अमान पुत्र मुमताज अहमद नि0 7/ए बैंक रोड थाना कर्नलगंज जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 18 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

घटना में प्रयुक्त 01 स्कूटी बरामद।

सम्बन्धित अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 362/26 धारा 75/79 बी0एन0एस0 थाना कर्नलगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 राजेश कुमार सिंह, थाना कर्नलगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 अरिहन्त जैन, थाना कर्नलगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. उ0नि0 देवेश सिंह परिहार, थाना कर्नलगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. का0 सूरज कुमार मौर्या, थाना कर्नलगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।

हत्या के अभियोग से सम्बन्धित 03 अभियुक्त थाना झूंसी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कब्जे से आलाकत्ल 01 चापड़ व 02 मोबाईल फोन बरामद

थाना झूंसी पुलिस द्वारा थाना स्थानीय के पंजीकृत मु0अ0सं0 384/2026 धारा 61(2)/103(1) /3(5) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित 03 अभियुक्तों 1. अखिलेश भारतीया उर्फ छोटू पुत्र हरिशचन्द्र भारतीया निवासी खरका टोला तेज वली दुकान के पास छतनाग थाना झूंसी जनपद प्रयागराज 2. उज्जवल सेन गुप्ता पुत्र पीयूष सेन गुप्ता निवासी सांई मंदिर के पास आवास विकास कालोनी योजना नं0-03 थाना झूंसी जनपद प्रयागराज 3. दिव्यांश निषाद उर्फ हर्ष निषाद पुत्र वीरेन्द्र निषाद निवासी गंगादीप कालोनी छतनाग रोड थाना झूंसी जनपद प्रयागराज को

मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 07.10.2026 को लोटा नाला सोहन आश्रम के पास थाना क्षेत्र झूंसी से गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से आलाकत्ल 01 चापड़ व 02 मोबाईल फोन बरामद किया गया। गिरफ्तारी/ बरामदगी के आधार पर उक्त अभियोग मे धारा 4/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गयी। नियमानुसार अग्रिम विधिक की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 06.10.2026 को थाना झूंसी अंतर्गत एक नाले में शव मिलने की सूचना पर उच्चाधिकारीगण व स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा फॉरेंसिक टीम द्वारा आवश्यक साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई। मृतक की पहचान शांतनु दुबे निवासी झूंसी कोहना थाना झूंसी जनपद प्रयागराज के रूप में हुई। परिजनों से तहरीर प्राप्त कर थाना झूंसी में अभियोग पंजीकृत किया गया। नियमानुसार पंचायतनामा की कार्यवाही करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाया गया तथा उक्त घटना के सफल अनावरण हेतु 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया।

घटना का अनावरण/पूछताछ का विवरण-

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि मृतक शांतनु ने 05 माह पूर्व लगभग 15000 रुपए मुख्य अभियुक्त उज्जवल सेन गुप्ता उपरोक्त को उधार दिए थे। मृतक द्वारा बार-बार अपने पैसे वापस मांगे जा रहे थे। अभियुक्त उज्जवल सेन गुप्ता ने पैसे वापस न देने तथा अपने साथी अभियुक्तों के साथ मिलकर मृतक शांतनु को जान से मारने की योजना बनाई। पूर्व सुनियोजित तरीके से मृतक को रात्रि में एक स्थान पर बुलाया तथा उसके सिर पर धारदार हथियार से वार किया और शव को नाले में फेंक कर फरार हो गए।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण :-

1. अखिलेश भारतीया उर्फ छोटू पुत्र हरिशचन्द्र भारतीया निवासी खरका टोला तेज वली दुकान के पास छतनाग थाना झूंसी जनपद प्रयागराज उम्र करीब 19 वर्ष।

2. उज्जवल सेन गुप्ता पुत्र पीयूष सेन गुप्ता निवासी सांई मंदिर के पास आवास विकास कालोनी योजना नं0-03 थाना झूंसी जनपद प्रयागराज उम्र करीब 21 वर्ष।
3. दिव्यांश निषाद उर्फ हर्ष निषाद पुत्र वीरेन्द्र निषाद निवासी गंगादीप कालोनी छतनाग रोड थाना झूंसी जनपद प्रयागराज उम्र करीब 23 वर्ष।

सम्बन्धित अभियोग का विवरण –

मु0अ0सं0- 384/2026 धारा 61(2)/103(1) /3(5)/238 BNS व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना झूंसी कमिश्नरेट प्रयागराज

अपराधिक इतिहास अपराध–

A.अभियुक्त अखिलेश भारतीया उर्फ छोटू उपरोक्त-

1 . मु0अ0सं0 101/2025 धारा 115(2)/118(1)/190/191(2)/191(3)/333/351(3)/352 BNS थाना झूंसी जनपद प्रयागराज
2. मु0अ0सं0 – 384/2026 धारा 61(2)/103(1) /3(5) BNS 4/25 आर्म्स एक्ट थाना झूंसी जनपद प्रयागराज

B.अभियुक्त उज्जवल सेन गुप्ता उपरोक्त

1. मु0अ0सं0 – 384/2026 धारा 61(2)/103(1) /3(5) BNS 4/25 आर्म्स एक्ट थाना झूंसी जनपद प्रयागराज

C.अभियुक्त दिव्यांश निषाद उर्फ हर्ष निषाद उपरोक्त-

1. मु0अ0सं0 521/22 धारा 323/504/506/427 भा0द0वि0 थाना झूंसी जनपद प्रयागराज।
2. मु0अ0सं0 – 384/2026 धारा 61(2)/103(1) /3(5) BNS 4/25 आर्म्स एक्ट थाना झूंसी जनपद प्रयागराज।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1. नि0 नरेश कुमार थाना प्रभारी झूंसी कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. व0उ0नि0 ताराचन्द्र थाना झूंसी कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. उ0नि0 हरिशंकर मिश्रा चौकी प्रभारी नई झूंसी कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. उ0नि0 सचिन तंवर चौकी प्रभारी छतनाग थाना झूंसी कमिश्नरेट प्रयागराज।
5. का0 सौरभ प्रसाद थाना झूंसी कमिश्नरेट प्रयागराज।
6. का0 सुमित कुमार थाना झूंसी कमिश्नरेट प्रयागराज।

थाना मेजा पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित (20,000 रुपये का इनामिया) अभियुक्त गिरफ्तार

थाना मेजा पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 380/2026 धारा- 115(2)/351(3)/109(1)/118(2) बी0एन0एस0 में वांछित अभियुक्त रोहित यादव उर्फ दारा यादव पुत्र रामविहारी यादव निवासी ग्राम अमकछा थाना मेजा कमि0 प्रयागराज को दिनांक-06.10.2026 को थाना मेजा क्षेत्रान्तर्गत तिगजा धरावल रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

संक्षिप्त विवरण-

दिनांक-12.07.2026 को वादी मुकदमा द्वारा दी गई तहरीरी सूचना बावत विपक्षीगण द्वारा वादी के पुत्र को मारने पीटने व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 380/26 धारा 115(2)/351(3) बी0एन0एस0 बनाम 1. दारा यादव पुत्र श्याम बिहारी निवासी अमकछा थाना मेजा प्रयागराज 2. जेपी यादव पुत्र अज्ञात निवासी मेजिया थाना मेजा प्रयागराज 3. सौरभ यादव पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम करदहा थाना मेजा प्रयागराज के विरुद्ध पंजीकृत किया गया । अभियोग उपरोक्त में मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर धारा -109(1)/118(2) बी0एन0एस0 की बढ़ोतरी की गयी। जिसमें अभियुक्त दारा यादव पुत्र श्याम बिहारी निवासी अमकछा थाना मेजा प्रयागराज फरार चल रहा था। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर

द्वारा 20,000 /- रूपये का इनाम घोषित किया गया था। जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास के क्रम में अभियुक्त अभियुक्त रोहित यादव उर्फ दारा यादव उपरोक्त को दिनांक-06.10.2026 को थाना मेजा क्षेत्रान्तर्गत तिगजा धरावल रोड के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

रोहित यादव उर्फ दारा यादव पुत्र रामविहारी यादव निवासी ग्राम अमकछा थाना मेजा कमि0 प्रयागराज उम्र करीब 25 वर्ष।

सम्बन्धित अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 380/2026 धारा 115(2)/351(3)/109(1)/118(2) बी0एन0एस0 थाना मेजा कमिश्नरेट प्रयागराज।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास –

1. मु0अ0सं0-46/24 धारा 395/397/412/342/120बी/34 भा0द0सं0 व 8/20/61 एनडीपीएस एक्ट थाना शंकरगढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. मु0अ0सं0- 428/25 धारा 310(2)/317(3) बीएनएस थाना मेजा कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. मु0अ0सं0- 683/25 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट थाना मेजा कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. मु0अ0सं0- 255/26 धारा 115(2)/351(2)/352 बीएनएस थाना मेजा कमिश्नरेट प्रयागराज।
5. मु0अ0सं0- 189/26 धारा 3/25/9 आयुध अधि0 थाना उतरावं कमिश्नरेट प्रयागराज।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 धनंजय कुमार पाण्डेय थाना मेजा कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. व0उ0नि0 कमलेश कुमार गिरि थाना मेजा कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. उ0नि0 परामानन्द सिंह थाना मेजा कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. हे0का0 रमापति पाण्डेय थाना मेजा कमिश्नरेट प्रयागराज।
5. का0 वीरबहादुर थाना मेजा कमिश्नरेट प्रयागराज।

6. का0 रिषभ सिंह थाना मेजा कमिश्नरेट प्रयागराज।
7. का0 आदित्य राय थाना मेजा कमिश्नरेट प्रयागराज।
8. का0 विष्णुकान्त उपाध्याय थाना मेजा कमिश्नरेट प्रयागराज।
9. का0 विकास शर्मा थाना मेजा कमिश्नरेट प्रयागराज।